# <u>कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)</u>

## <u>सूचना पत्र</u>

क्रमांक– **क्यु**/दो–11–3/2024 बिलासपुर, दिनांक 01/09/2026

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर में शीघ्रलेखक ग्रेड –03 हिन्दी, सहायक ग्रेड–03 एवं वाहन चालक के पद की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची (provisional list) जिला न्यायालय बिलासपुर की वेबसाईट **(https://bilaspur.dcourts.gov.in/)** में प्रकाशित की गई है ।

अभ्यर्थियों की पात्र एवं अपात्र सूची प्रकाशित की जा रही है। जिन आवेदकों को अपात्र घोषित किया गया है, वे अपनी आपत्ति दिनांक 06.09.2026 की रात्रि 11:59 बजे तक **केवल और केवल ई–मेल – recruitmentcgbsp26@gmail.com** के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त दावा–आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । उक्त निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह स्पष्ट किया जाता है कि पात्र अभ्यर्थियों की प्रकाशित सूची को उनकी अंतिम पात्रता का प्रमाण नहीं माना जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा परीक्षा/परिणाम घोषित होने के पश्चात् भी यदि यह पाया जाता है कि किसी अभ्यर्थी की पात्रता में कमी अथवा अपात्रता का कारण विद्यमान है, तो ऐसे अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता/उम्मीदवारी किसी भी चरण में निरस्त की जा सकेगी। इस संबंध में भर्ती समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

दावा–आपत्ति के निराकरण पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची पृथक से जिला न्यायालय बिलासपुर की वेबसाईट पर प्रकाशित की जावेगी ।

VENSESLAS TOPPO
Digitally signed by VENSESLAS TOPPO

कार्यालय ... धीश